बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

<u>शुद्धि पत्र</u>

<u>64वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का अन्तिम परीक्षाफल</u>

दिनांक 06.06.2021 को 64वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का अन्तिम परीक्षाफल प्रकाशित किया गया था एवं दिनांक 22.06.2021 को उसमें आंशिक सुधार किया गया था। अन्तिम परीक्षाफल के आधार पर चयनित उम्मीदवारों की अनुशंसा सम्बन्धित विभागों को भेजने की प्रक्रिया जारी है।

विभागों को अनुशंसा भेजने के पूर्व उम्मीदवारों द्वारा ऑनलाईन आवेदन में भरी गयी विवरणी, साक्षात्कार के दिन सत्यापन हेतु प्रस्तुत एवं समर्पित शैक्षिक प्रमाण पत्र/अंक पत्र, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र इत्यादि की कार्यालय द्वारा पुनः जांच की जाती है। उक्त जांच के क्रम में पाया गया कि बिहार विधान सभा के प्रशाखा पदाधिकारी के पद पर अत्यंत पिछड़ा वर्ग (04) महिला कोटि के पद के विरूद्ध अन्तिम रूप से सफल घोषित एक उम्मीदवार, संयुक्त मेधा क्रमांक – 332, अनुक्रमांक – 392027, श्रुति सुमन के द्वारा साक्षात्कार के दिन क्रीमीलेयर रहित प्रमाण पत्र मूल में प्रस्तुत कर सत्यापन नहीं कराया गया है।

अनुक्रमांक – 392027 प्रारंभिक परीक्षा में अत्यंत पिछड़ा वर्ग (04) की महिला कोटि एवं मुख्य (लिखित) परीक्षा में अनारक्षित (01) कोटि के अन्तर्गत सफल घोषित हैं। क्रीमीलेयर रहित प्रमाण पत्र नहीं प्रस्तुत करने के कारण उन्हें अनारक्षित (01) महिला कोटि में शामिल करने हेतु विचारित किया गया। मुख्य (लिखित) परीक्षा में उन्हें अनारक्षित (01) कोटि के कट–ऑफ अंक से अधिक अंक प्राप्त है, परन्तु प्रारंभिक परीक्षा में अनारक्षित (01) महिला कोटि के कट–ऑफ अंक से कम अंक प्राप्त है।

तदालोक में आयोग, अनुक्रमांक – 392027, श्रुति सुमन के प्रारंभिक परीक्षा का परीक्षाफल, मुख्य (लिखित) परीक्षा का परीक्षाफल एवं अन्तिम परीक्षाफल रद्द करता है।

पूर्व प्रकाशित परीक्षाफल को इस हद तक संशोधित समझा जाए।

24.7.21

तिथिः 24 जुलाई, 2021

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना